# जनवरी माह में किये गये कार्यो का विवरण

**दिनांक 05 जनवरी 2022**

**विषयः नवाचार विभाग के इन्क्यूबेटीस का सम्मान**

दिनांक 05 जनवरी 20222 को छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ हेल्थ साइंसेस विभाग में उत्तर प्रदेश सरकार का सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग द्वारा 25 स्टार्ट–अप को पुरस्कृत किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में डॉ0 वन्दना पाठक जी विशिष्ट अतिथि के रूप में सी0डी0सी0 डॉ0 राजेश कुमार द्विवेदी जी एवं डीन सी–पेयर सुविज्ञा अवस्थी जी, अतिथि के रूप में डॉ0 प्रवीण कटियार जी एवं ने प्रतिभाग किया कार्यक्रम का संचालन गौरव त्रिपाठी जी द्वारा किया गया इन्क्यूवेटीज का परिचय नवाचार अधिकारी अनिल कुमार त्रिपाठी जी द्वारा कराया गया तथा सभी के कार्य के बारे में विस्तार से बताया गया




26 कानपुर न्यूज दीनार टाइम्स

युवाओं के लिए अवसर हैं केंद्र सरकार की स्टार्ट अप और स्टैंड अप योजना


युवाओं के लिए अवसर हैं केंद्र सरकार की स्टार्ट अप और स्टैंड अप योजना


युवाओं के लिए अवसर हैं स्टार्ट अप और स्टैंड अप योजना


(3) कानपुर सांध्य दैनिक नवदिवस

युवाओं के लिए अवसर बन रही केंद्र सरकार की स्टार्ट अप और स्टैंड अप योजना

" कानपुर विश्वविद्यालय में आयोजित किया गया विशेष जन-जागरूकता अभियान

" विश्व विद्यालय के २५ स्टार्ट अप्स छात्र हुए पुरस्कृत

**दिनांक 08 जनवरी 2022**

## विषयः संगीत विभाग के विद्यार्थीयों हेतु जागरूकता कार्यक्रम

दिनांक **08 जनवरी 2022** को छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय के संगीत विभाग में नवाचार की भूमिका विषय पर एक जागरूक्ता कार्यक्रम का आयोजन किया गया है उक्त कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में अनिल कुमार त्रिपाठी इन्नोवेशन ऑफिसर के द्वारा बताया गया कि संगीत एक ऐसा विषय है जिसके माध्यम के विभिन्न प्रकार के प्रयोग किये जा सकते है स्वास्थ्य के सुधार एवं तनांव को कम करना मनोरंजन के विभिन्न आयाम एवं वर्तमान में नवीन संगीत विधा के माध्यम से पढ़ाई को भी रूचिकर बनाया जा सकता है । इस अवसर पर डॉ0 रागिनी स्वर्णकार, डॉ0 ऋचा मिश्रा, श्री शुभम वर्मा एवं विभाग के छात्र–छात्राएं आदि उपस्थित रहे।







**<u>दिनांक 10 जनवरी 2022</u>**

## <u>विषयः नवाचार विभाग में क्लीनिकल ट्रायल हेतु ऑक्सीजन कन्सनट्रेटर की प्राप्ति</u>

**दिनांक 10 जनवरी 2022** को छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय के उद्यमिता एवं नवाचार विभाग में इन्क्यूवेटी राहुल दीक्षित एवं उनकी टीम द्वारा विभाग को एक ऑक्सीजन कन्सनट्रेटर मशीन को गणेश शंकर विद्यार्थी मेडिकल कॉलेज कानपुर में क्लीनिकल प्रयोग हेतु विभाग में उपलब्ध कराया गया उक्त मशीन को इन्क्यूवेटी से डॉ0 शिल्पा कायश्था समन्यवयक एवं अनिल कुमार त्रिपाठी नवाचार अधिकारी द्वारा प्राप्त किया गया।







## <u>दिनांक 11 जनवरी 2022</u>

## <u>विषयः नमोन्मेष एवं स्टॉटअप से सम्बन्धित जागरूक्ता कार्यक्रम</u>

**दिनांक 11 जनवरी 2022** को छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय एवं कानपुर विद्या मंदिर महाविद्यालय के संयुक्त तत्वाधान में एक ऑनलाइन जागरूक्ता कार्यक्रम का आयोजन किया गया इस कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में श्री सुनील कुमार अग्निहोत्री असिसटेन्ट डायरेक्टर एम0एस0एम0ई0 विकास संस्थान कानपुर के द्वारा सरकार की योजनाओं के बारे में विस्तार से चर्चा की गयी तथा उन योजनाओं से किस प्रकार लाभ लिया जा सकता है वक्ता के रूप में श्री अनिल कुमार त्रिपाठी, नवोन्मेष अधिकारी द्वारा विद्यार्थीयों के समक्ष नवाचार सम्बन्धित विचारों को प्रस्तुत किया गया। इस कार्यक्रम का संचालन डॉ0 अनुपमा कुमारी जी द्वारा किया गया इस मौके पर डॉ0 शोभिता पांडेय, डॉ0 निरुपमा त्रिपाठी, डॉ0 निशा पाठक एवं डॉ0 चम्पा रामरानी आदि मौजूद रहे जिसमें लगभग 100 विद्यार्थीयों एवं महाविद्यालय की अध्यापिकाओं द्वारा प्रतिभाग किया गया।






**छात्राओं को उद्योगजगत की दी जानकारी**

कंपूमेल ब्यूरो, कानपुरः छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय के नवाचार एवं एमएसएमई के संयुक्त तत्वाधान में कानपुर महाविद्यालय ऑनलाइन व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि एमएसएमई के असिस्टेंट डायरेक्टर सुनील अग्निहोत्री एवं विश्वविद्यालय के नवाचार अधिकारी अनिल कुमार त्रिपाठी ने व्याख्यान करके किया। सुनील अग्निहोत्री ने छात्राओं को स्टार्टअप शुरू करने के संबंध में सरकारी योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी। महाविद्यालय की प्रधानाचार्य डा. पूनम विज ने कहा कि नवाचार का महत्व एवं उसकी आवश्यकता हम सभी के लिए बेहद जरूरी है। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के 100 से अधिक छात्राओं ने भाग लिया। इस मौके पर डा. अनुपमा कुमारी, डा. शोभिता पांडेय, डा. निरुपमा त्रिपाठी, डा. निशा पाठक, डा. चम्पा रामरानी, डा. विमला देवी, डा. शोभा मिश्रा, डा. जसमीत कौर आदि लोग मौजूद रहीं।

**दिनांक 11 जनवरी 2022**

## विषय : जी0एस0वी0एम0 मेडिकल कॉलेज कानपुर में क्लीनिकल ट्रायल हेतु ऑक्सीजन कन्सनट्रेटर को प्रदान करने

**दिनांक 11 जनवरी 2022** को छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय के उद्यमिता एवं नवाचार विभाग द्वारा गणेश शंकर विद्यार्थी मेडिकल कॉलेज की उप–प्रधानाचार्य डॉ0 रिचा गिरी एवं डॉ0 यशवंत राव को ऑक्सीजन कन्सनट्रेटर क्लीनिकल ट्रायल हेतु प्रदान किया गया उक्त कार्यक्रम में डॉ0 शिल्पा कायश्था समन्यवयक एवं अनिल कुमार त्रिपाठी नवाचार अधिकारी एवं इन्क्यूबेटी राहुल दीक्षित और उनकी टीम के सदस्यों के समक्ष ऑक्सीजन कन्सनट्रेटर मेडिकल कॉलेज के अधिकारीयों को सौपा गया








<u>दिनांक 22 जनवरी 2022</u>


## <u>विषय : खेल–खेल में उद्यमिता का विकास</u>

**दिनांक 22 जनवरी 2022** को छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय के उद्यमिता एवं नवाचार विभाग द्वारा ऑनलाइन कार्यशाल का आयोजन किया गया। जिसमें प्रमुख वक्ता के रूप में विजय प्रताप सिंह सेकेट्री **जन_जागृति सेवा समिति के द्वारा विषय उद्यमिता विकास खेल–खेल में के अन्तर्गत किस प्रकार से विद्यार्थी अपनी उद्यमिता विकसित करने में किस प्रकार खेलों का इस्तेमाल किया जा सकता है विषय पर विस्तार से जानकारी उपलब्ध कराई।**

**उक्त कार्यक्रम में समन्वयक डॉ0 शिल्पा कायस्था के द्वारा सभी बच्चों को इसी विषय के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ0 एकता खरे द्वारा किया गया।**

**नवाचार अधिकारी अनिल कुमार त्रिपाठी द्वारा बच्चों को अधिक से अधिक संख्या में उद्यमिता के क्षेत्र में आने का आवाह्न किया गया। कार्यक्रम का लाइव प्रसारण यूट्यूब पर भी किया गया ।**



# उद्यमिता विकसित कर अपने कैरियर को संवारे विद्यार्थी



व्याख्यान माला में शामिल शिक्षक।

कानपुर, 22 जनवरी। छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय के इनोवेशन एंटरप्रेन्योरशिप एंड इनक्यूबेशन सेल की ओर से आयोजित ऑनलाइन कार्यशाला को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता जन जागृति सेवा समिति के सेक्रेटरी विजय प्रताप सिंह ने कहाकि विद्यार्थी अपनी उद्यमिता विकसित करने में किस प्रकार खेलों का इस्तेमाल किया जा सकता है, ताकि वे इनोवेशन के जरिए अपने कैरियर को संवार सके। कार्यक्रम में डॉ शिल्पा कायस्था ने विषय के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया गया। नवाचार अधिकारी अनिल कुमार त्रिपाठी ने बच्चों को अधिक से अधिक संख्या में उद्यमिता के क्षेत्र में आने का आह्वान किया। कार्यक्रम का लाइव प्रसारण यूट्यूब पर भी किया गया । उक्त कार्यक्रम में लगभग 100 से अधिक विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। इस दौरान डॉ राशि, डॉ डॉक्टर निशा और छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय से संबंध कॉलेजों के शिक्षक उपस्थित रहे। संचालन डा. एकता खरे ने किया।

**विवि में एंटरप्रेन्योरशिप एवं इनोवेशन में कैरियर संभावना पर हुआ व्याख्यान**

# नवाचार से ही संवरेगा भविष्य

जासं, कानपुर : सीएसजेएमयू के इनोवेशन एंटरप्रेन्योरशिप एंड इन्क्यूबेशन सेल ने शनिवार को आनलाइन कार्यशाला का आयोजन किया। मुख्य वक्ता जनजागृति सेवा समिति के सचिव विजय प्रताप सिंह रहे। समन्वयक डा. शिल्पा कायस्था रहीं। संचालन डा. एकता खरे ने किया। अनिल कुमार त्रिपाठी ने विद्यार्थियों से उद्यमिता के क्षेत्र में आने का आह्वान किया। लगभग 100 से अधिक विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। डा. राशि अग्रवाल, डा. निशा मौजूद रहीं।

# खेलों से करें उद्यमिता का विकास

कानपुर। छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय के इनोवेशन एंटरप्रेन्योरशिप एंड इनक्यूबेशन सेल की ओर से ऑनलाइन कार्यशाला हुई। जन जागृति सेवा समिति के सेक्रेटरी विजय प्रताप सिंह ने खेल-खेल में उद्यमिता विकास के बारे में जानकारी दी। बताया कि किस तरह खेलों के इस्तेमाल स उद्यमिता को बढ़ाया जा सकता है।(ब्यूरो)

# विश्वविद्यालय में एंटरप्रेन्योरशिप एवं इनोवेशन में कैरियर संभावना पर व्याख्यान का आयोजन

अमन यात्रा ब्यूरो

कानपुर। छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय कानपुर के इनोवेशन एंटरप्रेन्योरशिप एंड इनक्यूबेशन सेल के द्वारा एक ऑनलाइन कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें प्रमुख वक्ता के रूप में विजय प्रताप सिंह सेक्रेटरी जन जागृति सेवा समिति के द्वारा विषय उद्यमिता विकास खेल-खेल में के अंतर्गत किस प्रकार से विद्यार्थी अपनी उद्यमिता विकसित करने में किस प्रकार खेलों का इस्तेमाल किया जा सकता है इस विषय पर विस्तार से जानकारी उपलब्ध कराएं उक्त कार्यक्रम में डॉ शिल्पा कायस्था समन्वयक के द्वारा सभी बच्चों को इसी विषय के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर एकता खरे ने किया और बताया की नवाचार आज के समय की पहली जरूरत बन कर उभर रहा है। नवाचार अधिकारी अनिल कुमार त्रिपाठी द्वारा भी बच्चों को अधिक से अधिक संख्या में उद्यमिता के क्षेत्र में आने का आवाहन किया गया। कार्यक्रम का लाइव प्रसारण यूट्यूब पर भी किया गया। उक्त कार्यक्रम में लगभग 100 से अधिक विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम में डॉ राशि, डॉ डॉक्टर निशा और छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय से संबंध कॉलेजों के शिक्षक उपस्थित रहे। दिलीप सरदेसाई, कृष्ण गुप्ता ,प्रोफेसर संजय कुमार स्वर्णकार, प्रोफेसर श्याम बाबू गुप्ता प्रोफेसर विनय कुमार पाठक कुलपति जी डॉ सरोज द्विवेदी एवं सुरेश चंद्र गुप्ता उपस्थित थे।

**दिनांक 28 जनवरी 2022**

## विषय: उद्यमिता के विकास में मनोवृत्ति एवं व्यवहार की महत्वपूर्ण भूमिका ।

**दिनांक 28 जनवरी 2022** को छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय के उद्यमिता एवं नवाचार विभाग द्वारा ऑनलाइन कार्यशाल का आयोजन किया गया। जिसमें प्रमुख वक्ता के रूप में डॉ0 सुनील कुमार शुक्ला रिटायर्ड एसोसिएट प्रोफेशर डॉ0 गौर हरी सिंघानिया इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट **के द्वारा विषय उद्यमिता के विकास में मनोदृष्टि एवं व्यवहार की भूमिका के अन्तर्गत विद्यार्थी उद्यमिता को विकसित करने के लिए मनोदृष्टि एवं व्यवहार की महत्वपूर्ण भूमिका होती है खेलों का इस्तेमाल किया जा सकता है विषय पर विस्तार से जानकारी उपलब्ध कराई।**

**उक्त कार्यक्रम में समन्वयक डॉ0 शिल्पा कायस्था के द्वारा सभी बच्चों को विषय के अनुरूप व्यवहार करने के लिए प्रेरित किया । श्री अनिल कुमार त्रिपाठी द्वारा कार्यक्रम का संचालन बहुत ही रोचक अंदाज में किया गया एवं कार्यक्रम में डॉ0 एकता खरे, डॉ0 सुवेंदु रंजन और 100 से अधिक प्रतिभागयों द्वारा प्रतिभाग किया गया। कार्यक्रम का लाइव प्रसारण यूट्यूब पर भी किया गया ।**




### 'उद्यमिता के लिए मनोदृष्टि व व्यवहार की भूमिका महत्वपूर्ण'

कानपुर (एसएनबी)। सीएसजेएमयू के उद्यमिता एवं नवाचार विभाग के तत्वावधान में आयोजित वर्चुअल कार्यशाला में प्रतिभागियों को उद्यमिता के विकास में मनोदृष्टि व व्यवहार की भूमिका के महत्व से अवगत कराया गया।

मुख्य वक्ता डॉ. गौर हरी सिंघानिया इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट के रिटायर्ड एसोसिएट प्रोफेसर डॉ.सुनील कुमार शुक्ला ने अपने व्याख्यान में विद्यार्थियों को उद्यमिता के लिए सकारात्मक रवैया व व्यवहार जैसे गुणों को विभिन्न उदाहरणों के साथ विस्तार से समझाया।

समन्वयक डॉ. शिल्पा कायस्थ, डॉ.अनिल कुमार त्रिपाठी व एकता खरे से प्रतिभागियों को सामाजिक समस्याओं व जरूरतों का समधान ढूंढ स्टार्टअप शुरू करने के लिए प्रोत्साहित किया। डॉ. शिवेंदु रंजन, डॉ.अर्चना यादव, डॉ.स्वाती श्रीवास्तव सहित अन्य शिक्षकों व विद्यार्थियों ने भागीदारी की।

### उद्यमिता एवं नवाचार विभाग द्वारा ऑनलाइन कार्यशाला का आयोजन



अमन यात्रा ब्यूरो

**कानपुर।** शुक्रवार को छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय के उद्यमिता एवं नवाचार विभाग द्वारा ऑनलाइन कार्यशाला का आयोजन कुलपति प्रोफेसर विनय कुमार पाठक के मार्गदर्शन में किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख वक्ता के रूप में डॉ सुनील कुमार शुक्ला रिटायर्ड एसोसिएट प्रोफेसर, डॉ गौरव जी सिंघानिया इंस्टिट्यूट ऑफ़ मैनेजमेंट के द्वारा उद्यमिता के विकास पर मनोदृष्टि एवं व्यवहार की भूमिका विषय पर व्याख्यान दिया गया। उनके द्वारा विद्यार्थियों को उद्यमिता के लिए सकारात्मक रवैया और व्यवहार जैसे गुणों को महत्वपूर्ण बताते हुए विभिन्न उदाहरणों के साथ विस्तार से चर्चा की गई।

उक्त कार्यक्रम में समन्वय डॉक्टर शिल्पा कायस्था के द्वारा सभी बच्चों को विषय के अनुरूप व्यवहार करने के लिए प्रेरित किया गया। अनिल कुमार त्रिपाठी द्वारा कार्यक्रम का संचालन बहुत ही रोचक अंदाज में किया गया। डॉ एकता खरे ने बताया कि उद्यमिता जीवन का एक तरीका है जो दर्शाता है कि आप कैसे सोचते हैं और एक कार्य करते हैं। कार्यक्रम में डॉ शिवेंदु रंजन, डॉ अर्चना यादव, डॉक्टर स्वती श्रीवास्तव और विश्वविद्यालय से संबंध कॉलेजों के शिक्षकों तथा विभिन्न विभागों के छात्र छात्राओं ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम का लाइव प्रसारण यूट्यूब पर भी किया गया.

### छात्र इनोवेटिव आइडिया दें विवि देगा बजट

**कानपुर।** छात्र नौकरी करने के बजाय अपने इनोवेटिव आइडिया को स्टार्टअप में तब्दील करें। इसके लिए विवि मेंटर के साथ बजट भी देगा। ये बात छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय के उद्यमिता एवं नवाचार विभाग की ओर से आयोजित ऑनलाइन कार्यशाला में कुलपति प्रो. विनय कुमार पाठक ने कही। डॉ. सुनील कुमार शुक्ला ने उद्यमिता के विकास पर मनोदृष्टि व व्यवहार की भूमिका के बारे में जानकारी दी। इस मौके पर डॉ. शिल्पा, अनिल कुमार त्रिपाठी, डॉ. शिवेंदु रंजन, डॉ. अर्चना यादव समेत कई प्रोफेसर मौजूद रहे। (ब्यूरो)